इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) विजेताओं की सूची
(वर्ष 2008 से 2018 तक)

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल):

इंडियन प्रीमियर लीग जिसे संक्षिप्त रूप में आईपीएल (IPL) के नाम से जाना जाता है, **भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)** द्वारा संचालित एक वार्षिक घरेलू ट्वेंटी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता (Tournament) है। इस टूर्नामेंट का आयोजन आईपीएल गवर्निंग काउंसिल द्वारा किया जाता है। इस घरेलू ट्वेंटी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन हर साल अप्रैल-मई के महीने में किया जाता है।

प्रशासक	**भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई)**
टूर्नामेंट स्वरूप	घरेलू 20-20 क्रिकेट प्रतियोगिता
पहला टूर्नामेंट	2008
वर्तमान विजेता	चेन्नई सुपर किंग्स (सीजन 2018)
सबसे सफल टीम	चेन्नई सुपर किंग्स और मुम्बई इंडियन्स (3 बार)
देश	भारत

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का इतिहास:

आईपीएल (IPL) की शुरुआत **वर्ष 2008** में हुई थी। इस प्रतियोगिता का पहला मैच 18 अप्रैल को तथा आखिरी मैच 01 जून को खेला गया था और अब तक इस लीग में 11 सीजनों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा चुका हैं। वर्ष 2008 में आयोजित प्रथम आईपीएल ख़िताब राजस्थान रॉयल्स की टीम ने जीता था। आईपीएल विश्व में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला ट्वेंटी-20 टूर्नामेंट है। वर्तमान में आईपीएल में 8 टीमें भाग ले रही हैं। इन टीमों में चेन्नई सुपर किंग्स और मुम्बई इंडियन्स ही ऐसी दो टीमें हैं जिन्होंने इस प्रतियोगिता को सबसे ज्यादा 3 बार जीता है, जबकि चेन्नई सुपर किंग्स इकलौती ऐसी टीम है जो सबसे ज्यादा 7 बार आईपीएल फाइनल में पहुँची है। इसके अलावा अभी तक आयोजित 11 आईपीएल टूर्नामेंट्स को केवल 5 टीम ही जीत पाई है। दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और किंग्स इलेवन पंजाब की टीम ने अभी तक एक भी आईपीएल ख़िताब जीतने ने कामयाब नही पाई है।

भारतीय खिलाडी सुरेश रैना आईपीएल प्रतियोगिता के इतिहास में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज है, उन्होंने इस टूर्नामेंट के 11वें सीजन तक खेले गए 176 मैचों में 4985 बनाए हैं, जबकि

श्रीलंकाई तेज गेंदबाज लसिथ मलिंगा ने आईपीएल लीग में अब तक खेले 110 मैचों में सबसे ज्यादा 154 विकेट झटके हैं। आइये जाने कौन-सी टीम ने कब-कब जीती आईपीएल की ट्राफी:-

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जीतने वाली टीमों की सूची:

सीजन/वर्ष	**विजेता टीम का नाम**	**उप-विजेता टीम**
2008	राजस्थान रॉयल्स	चेन्नई सुपर किंग्स
2009	डेक्कन चार्जर्स	रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर
2010	चेन्नई सुपर किंग्स	मुंबई इंडियंस
2011	चेन्नई सुपर किंग्स	रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर
2012	कोलकाता नाइट राइडर्स	चेन्नई सुपर किंग्स
2013	मुंबई इंडियंस	चेन्नई सुपर किंग्स
2014	कोलकाता नाइट राइडर्स	किंग्स इलेवन पंजाब
2015	मुंबई इंडियंस	चेन्नई सुपर किंग्स
2016	सनराइजर्स हैदराबाद	रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर
2017	मुंबई इंडियंस	राइजिंग पुणे सुपरजायंट
2018	चेन्नई सुपर किंग्स	सनराइजर्स हैदराबाद